卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 162 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦20 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर आपको और आपके परिवार को हार्दिक शुभकामनाएँ।

www.cps.edu.in
cps.rdr
ColumbusPublicSchool
99279 63999

COLUMBUS PUBLIC SCHOOL RUDRAPUR
GLORIA IN EXCELSIS
Estd. 1997

# COLUMBUS PUBLIC SCHOOL

(Affiliated to C.B.S.E., New Delhi) Affln. No.: 3530120

**Nursery to 12th (Arts, Science & Commerce)**

**Session 2026 - '27**

# Admissions Open



Future Leaders | Leadership & Discipline | Cultural Heritage

Highly Qualified Faculty
Project Based Learning
21st Century Skills
Literary & Creative Skills
Excellent Board Results
Discipline & Values
Financial & Work Education
Career Counselling & Guidance
Digital Learning Integration
NCC
Yoga & Martial Arts
Games, Sports & CCA
Field Trips
Holistic Development

**Limited Seats. Merit-based waiver on Admission Fee.**

**For Registration 9627090999**

Bali Vihar, Model Colony, Rudrapur (Uttarakhand)
cps@cps.edu.in | (05944) 244076 | 9927963999

# शांति व्यवस्था बिगाड़ने और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति ने चैत्र नवरात्रि एवं ईद उल फितर पर्वों के मद्देनजर जनपद में कानून व्यवस्था को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। एसएसपी ने स्पष्ट कहा है कि त्योहारों के दौरान शांति एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। एसएसपी के निर्देशानुसार संपूर्ण जनपद में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और चप्पे चप्पे पर पैनी नजर रखी जा रही है। संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस को विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है।नवरात्रि के दौरान प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसरों में बैरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास मार्गों का निर्धारण और महिला सुरक्षा के लिए महिला पुलिस कर्मियों




की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की गई है। इसी प्रकार ईद उल फितर के अवसर पर जनपद की सभी प्रमुख मस्जिदों एवं नमाज स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है ताकि नमाज शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। नमाज स्थलों के आसपास यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं।एसएसपी अजय गणपति ने सोशल मीडिया सेल को पूर्णत: सक्रिय कर दिया है। फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम सहित सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर चौबीस घंटे निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना, फेक न्यूज या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट करने वालों के विरुद्ध तत्काल कठोर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है और होटल व ढाबों पर भी पुलिस द्वारा समय समय पर जांच की जा रही है। एसएसपी ने जनपदवासियों से अपील की है कि सभी नागरिक आपसी भाईचारा बनाए रखें और त्योहारों को शांति व उल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और अराजकता फैलाने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

# किच्छा में दर्जन भर गुमशुदा लोगों की तलाश में जुटी टीम

किच्छा (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पिछले एक वर्ष से लापता चल रहे व्यक्तियों की बरामदगी के लिए किच्छा पुलिस ने सघन खोजबीन अभियान शुरू किया है। हालांकि लगातार जारी प्रयासों के बावजूद अभी तक पुलिस को लापता लोगों के संबंध में कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग पाया है, जिससे पुलिस की चुनौतियां बढ़ गई हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा हर संभव तकनीकी और धरातलीय प्रयास किए जा रहे हैं ताकि गुमशुदा व्यक्तियों को जल्द से जल्द उनके परिजनों से मिलाया जा सके। अभियान का नेतृत्व कर रहे उप निरीक्षक पवन जोशी ने बताया कि किच्छा क्षेत्र से लापता दर्जनों लोगों की तलाश के लिए पुलिस की टीमें सक्रियता से कार्य कर रही हैं। इसी कड़ी में पुलिस ने एक विशेष गुमशुदा संतोष कुमार की तलाश तेज कर दी है। संतोष कुमार पुत्र इन्द्रमन, निवासी वार्ड संख्या 13/6, किच्छा के बारे में जानकारी साझा करते हुए उन्होंने बताया कि उनकी उम्र 35 वर्ष, कद 5.5 फुट और रंग सांवला है। लापता होते समय उन्होंने लाल रंग की जैकेट, काले रंग की फॉर्मल पैंट और जूते पहने हुए थे। पुलिस द्वारा संभावित ठिकानों और जान पहचान वालों से लगातार पूछताछ की जा रही है। उप निरीक्षक पवन जोशी ने आम जनता से भी सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिस किसी भी व्यक्ति को बताए गए हुलिए के आधार पर गुमशुदा संतोष कुमार या अन्य किसी लापता व्यक्ति के संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त हो, वह तत्काल किच्छा कोतवाली में संपर्क कर सूचना साझा कर सकता है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। फिलहाल पुलिस की प्राथमिकता क्षेत्र से लापता सभी लोगों का पता लगाकर इस अभियान को सफल बनाना है।

# बकायेदारों से की वसूली, 30 कनेक्शन काटे

गदरपुर। अवर अभियंता सुभाष आर्य द्वारा अरोड़ा टेंट हाउस पर लगाया गया विद्युत विभाग द्वारा बकाया बिल वसूली को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान विभाग ने सख्ती दिखाते हुए करीब





550000 रुपये की वसूली की, जबकि भुगतान न करने वाले लगभग 30 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन भी काट दिए गए।गुरुवार को विद्युत विभाग के शिविर में बड़ी संख्या में उपभोक्ता पहुंचे और अपने लंबित बिलों का भुगतान किया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अभियान के दौरान बकायेदारों से करीब 550000 लाख रुपये की वसूली की गई।अभियान का नेतृत्व कर रहे अधिकारियों ने बताया कि उपभोक्ताओं को बार-बार सूचना देने के बावजूद कई लोग बिल जमा नहीं कर रहे थे, जिसके चलते यह सख्त कार्रवाई करनी पड़ी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते बकाया बिल जमा नहीं किया गया तो आगे भी कनेक्शन काटने की कार्रवाई जारी रहेगी।एसडीओ प्रकाश शाह ने कहा कि विभाग का उद्देश्य उपभोक्ताओं को परेशान करना नहीं, बल्कि उन्हें समय पर बिल भुगतान के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि उनके नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर शिविर लगाए जा रहे हैं, ताकि उपभोक्ताओं को बिल जमा करने में सुविधा मिल सके। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे समय से अपने बिजली बिल का भुगतान करें। इस दौरान विभाग की टीम में अवर अभियंता सुभाष आर्य, अवर अभियंता महताब अली, नंदू, बासु, विजय, हरीश, राहुल, धन सिंह सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे और पूरे अभियान को सफलता पूर्वक संचालित किया गया।

# धूमधाम से मनाई श्री श्री हरिचांद ठाकुर जी की जयंती

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप एफ ब्लॉक स्थित श्री श्री हरि गुरु चांद सार्वजनिक मंदिर में मतुआ धर्म के संस्थापक श्री श्री हरिचांद ठाकुर की 215वीं जयंती अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने ठुकराल का भव्य स्वागत किया और उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में मतुआ समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे जिन्होंने भजन कीर्तन और सत्संग के माध्यम से अपने आराध्य को नमन किया। इस अवसर पर राजकुमार ठुकराल ने अपने संबोधन में कहा कि श्री श्री हरिचांद ठाकुर का जीवन समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित था। उन्होंने समाज को प्रेम, दया और समानता का जो मार्ग दिखाया है, वह आज भी अत्यंत प्रासंगिक है। ठुकराल ने कहा कि मतुआ धर्म की शिक्षाएं हमें आपसी भाईचारे और मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने मंदिर कमेटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जड़ें मजबूत होती हैं। इस दौरान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बाबू सरकार, उपाध्यक्ष तरुण, सचिव अपूर्व विश्वास, उपसचिव बादक कविराज, मृणाल हीरा, विवेकानंद विश्वास, मंटू रंजन हीरा, संजय साना, जगदीश कर्मकार, वासु शाह, दुर्गापद, निरंजन राय, धीमान विश्वास, गोपाल सरकार, मनोज हीरो, शंकर विश्वास, महेश कीर्तनिया, कमल विश्वास, गोपाल आचार्य, बबलू सिंह, मनजीत कर्मकार, मुकेश चौधरी, कैलाश विश्वास, रोहित राय, गोविंद, राजेश मिर्धा, भंजन विजय घोष, आकाश मण्डल, धीमान राय, सागर बोस, शिबू दास और सुखदेव मण्डल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज में फॉयर मॉक ड्रिल आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित ब्रिटानिया इण्डस्ट्रीज में सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत गुरूवार को फैक्ट्री में अधिकारियों की देख रेख में फॉयर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें सभी मैनेजर व अधिकारियों के साथ कर्मचारियों ने भी भागीदारी की। इस मौके पर सुरक्षा अधिकारी अरविन्द दिवाकर ने सभी को किसी भी सम्भावित अग्नि दुर्घटना के दौरान सुरक्षा के उपायों की विस्तार से जानकारी देकर उन्हें बचाव कार्य में सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री में स्थापित किये गये सभी फायर सुरक्षा उपकरणों को संचालित करना सभी को आना चाहिए ताकि आवश्यकता पड़ने पर



इन उपकरणों का उपयोग हो सके। श्री दिवाकर ने बताया कि दुर्घटना के समय घबराने के बजाय एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर फायर मॉक ड्रिल को लेकर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें पांच टीमों में शामिल कुल 20 लोगों ने प्रतिभाग किया। सभी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर फैक्ट्री मैनेजर अमित शर्मा, प्रोडक्शन मैनेजर नितिन, विशाल, गौरव जाधव सहित अन्य मैनेजर, अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# 23 मार्च से होगा सिरौलीकला की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद सिरौलीकला की निर्वाचन नामावलियों का विस्तृत पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का यह कार्य आगामी 23 मार्च 2026 से शुरू होकर 20 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा।निर्धारित समय सारणी के अनुसार आगामी 23 मार्च से 25 मार्च तक पुनरीक्षण कार्य हेतु संगणकों, पर्यवेक्षकों और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति के साथ उनके कार्यक्षेत्र का आवंटन किया जाएगा। इसके पश्चात 26 और 27 मार्च को संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 28 मार्च से 11 अप्रैल तक संगणक घर घर जाकर गणना और सर्वेक्षण का कार्य पूरा करेंगे। 12 अप्रैल से 16 अप्रैल के मध्य प्रारूप नामावली की पांडुलिपि तैयार की जाएगी, जबकि 17 अप्रैल से 1 मई तक प्रारूप निर्वाचक नामावली की डाटा एंट्री और फोटो स्टेट का कार्य संपन्न होगा।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 2 मई को निर्वाचक नामावली के आलेख्य का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 3 मई से 9 मई तक आम जनता के निरीक्षण और दावे व आपत्तियां दाखिल करने का समय रहेगा। प्राप्त होने वाले दावों और आपत्तियों का निस्तारण 10 मई से 14 मई के बीच किया जाएगा। 15 मई से 19 मई तक पूरक सूची की डाटा एंट्री का कार्य होगा और अंतत: 20 मई 2026 को निर्वाचन नामावलियों का जनसामान्य के लिए अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।उन्होंने स्पष्ट किया कि उन सभी व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाएंगे जिन्होंने 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। इस विस्तृत पुनरीक्षण के बाद तैयार होने वाली निर्वाचन नामावलियों का प्रयोग ही आगामी सामान्य या उप चुनाव में किया जाएगा।

# ओमैक्स रिवेरा में चैत्र नवरात्र महोत्सव का भव्य आगाज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर की पॉश सोसाइटी ओमैक्स रिवेरा में चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर नौ दिवसीय महोत्सव का श्रद्धा और उत्साह के शुभारंभ हुआ। मां भगवती के प्रथम स्वरूप की आराधना के साथ आयोजित माता की चौकी में मुरादाबाद से पधारी प्रसिद्ध भजन गायिका दिव्या शर्मा ने अपनी मधुर आवाज से समां बांध दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए भक्तिपूर्ण भजनों पर उपस्थित श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए और पूरा वातावरण माता के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। सोसाइटी में पहली बार आयोजित किए जा रहे इस नौ दिवसीय भव्य कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन शाम सात बजे से रात दस बजे तक माता की चौकी सजाई जाएगी, जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से आने



वाले ख्यातनाम भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। महोत्सव के प्रथम दिन मुख्य यजमान के रूप में राजेंद्र तुलसियान के परिवार द्वारा विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया गया। पहले दिन उमड़ी भारी भीड़ ने कार्यक्रम को भव्य रूप दे दिया। महोत्सव का समापन 27 मार्च को दोपहर साढ़े बारह बजे से आयोजित होने वाले विशाल भंडारे के साथ होगा। इस अवसर पर अभिनव छाबड़ा, विनीत कक्कड़, योगेश वर्मा, ललित गोयल, अमित, ध्रुव सिंघल, संदीप विजन, संदीप अग्रवाल, सचिन गुम्बर, संजय धौंडियाल, श्रीकर सिन्हा, तरुण, योगेश लाम्बा, के के श्रीवास्तव और मोहित कक्कड़ सहित अनेक सेवादार और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का हुआ आयोजन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के निर्देशन में पुलिस लाइन रुद्रपुर में साप्ताहिक परेड का भव्य आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित इस परेड में जनपद पुलिस बल के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूर्ण अनुशासन, एकरूपता एवं उत्साह के साथ प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साप्ताहिक परेड का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों की शारीरिक दक्षता बनाए रखने के साथ-साथ मानसिक सुदृढ़ता एवं टीम भावना को सशक्त करना है। परेड के दौरान ड्रिल, शारीरिक व्यायाम एवं अन्य अनुशासनात्मक गतिविधियों का कड़ा अभ्यास कराया गया, जिससे पुलिस बल की कार्यकुशलता एवं तत्परता में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नियमित परेड अभ्यास के माध्यम से पुलिसकर्मियों में आत्मविश्वास, सहनशक्ति एवं कार्य क्षमता का विकास



होता है, जो उनके दैनिक कर्तव्यों के प्रभावी निर्वहन में सहायक सिद्ध होता है। उन्होंने उपस्थित समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से सजग एवं अनुशासित रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया। परेड के माध्यम से टीम भावना को सुदृढ़ कर प्रभावी पुलिसिंग के लिए सभी को प्रेरित किया गया। इस दौरान पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# अवैध बंदूक व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

गदरपुर। अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गदरपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंहनगर के निर्देश, पुलिस अधीक्षक काशीपुर के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी बाजपुर विभव सैनी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक गदरपुर के नेतृत्व में चौकी गूलरभोज पुलिस टीम ने एक आरोपी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, दिनांक 19 मार्च 2026 की रात्रि में मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम कटपुलिया डेम पार क्षेत्र से गुरमीत सिंह (50 वर्ष), पुत्र जगतार सिंह, निवासी ग्राम कटपुलिया गूलरभोज, कोतवाली गदरपुर, जिला उधमसिंहनगर को



गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध देशी बंदूक (.315 बोर) एवं दो जिंदा कारतूस (.315 बोर) बरामद किए गए।इस संबंध में कोतवाली गदरपुर में एफआईआर संख्या 88/2026 के तहत धारा 3/25 आयुध अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।इस सफल कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक, उप निरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट (प्रभारी चौकी गूलरभोज), हेड कांस्टेबल दयाल गिरी, कांस्टेबल रघुवर सिंह एवं कांस्टेबल लक्ष्मण कुमार की अहम भूमिका रही।






# व्यापारी सहित आधा दर्जन लोगों पर जमीन हड़पने का मुकदमा हुआ दर्ज

दिनेशपुर। धोखाधड़ी कर करोड़ों के जमीन हड़पने के एक मामले में नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ पीड़ित की तहरीर पर थाना पुलिस ने मुकदमा कायम कर जांच शुरू कर दी है ।नगर के वार्ड दो निवासी राजवीर सिंह पुत्र गंगा सिंह ने थाने में तहरीर देकर कहा कि वह नगर की सहकारी समिति में आंकिक के पद पर तैनात थे। इस दौरान उन्होंने मित्र घनश्याम अग्रवाल के साथ मिलकर सड़क किनारे कई हेक्टेयर जमीन खरीदी थी। आरोप है कि उक्त खाली पड़ी जमीन पर घनश्याम के साले ने दुकान खोल रखी है। जिसका वह पिछले कई वर्षों से किराया दे रहा था। उन्होंने कहा उक्त भूमि को हड़पने की नीयत से उसने किराया देना बंद कर दिया। उन्होंने घनश्याम अग्रवाल सहित कई लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी व जानसे मारने की धमकी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जिस पर दिनेशपुर पुलिस ने व्यापारी घनश्याम अग्रवाल , उनकी पत्नी , दोनों पुत्र ,दो भाई व साले कृष्ण कुमार के खिलाफ धारा 420 और 506 में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दिनेशपुर थाना प्रभारी रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया पीड़ित की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## द्वितीय नवरात्र




नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के ब्रम्हचारिणी स्वरूप की पूजा की जाती है। मां के इस दिव्य स्वरूप का ध्यान हमारे जीवन को नैतिक व चारित्रक बल प्रदान करता है।

# गैस संकट को लेकर समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन

गदरपुर। नगर में रसोई गैस की किल्लत और बढ़ती महंगाई के विरोध में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व युवा नेता अरविंद यादव ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। अरविंद यादव ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव के समय जनता को सस्ते और मुफ्त



सुविधाओं के सपने दिखाए गए थे, लेकिन आज हालात यह हैं कि आम आदमी गैस सिलेंडर के लिए भटकने को मजबूर है। उन्होंने कहा, "जनता भूखी है और सरकार मस्त है। गैस की किल्लत ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है, जो सरकार की वादाखिलाफी का साफ उदाहरण है।" उन्होंने आगे आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों और कुप्रबंधन के चलते ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है। छोटे व्यापारियों और आम परिवारों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। रसोई गैस की अनियमित आपूर्ति के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।प्रदर्शन के दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओं ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही गैस आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो पार्टी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि जनता के हक के लिए सड़कों पर उतरकर संघर्ष किया जाएगा। इस मौके पर कई स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने एकजुट होकर सरकार की नीतियों का विरोध किया और गैस संकट से जल्द राहत दिलाने की मांग की।

# जनजातीय महिलाओं के लिए प्रशिक्षण आयोजित

पंतनगर (उद संवाददाता)। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि संचार विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए एक विशेष दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्तपोषित जनजातीय उप-योजना के अंतर्गत श्मूल्य संवधर्न के द्वारा आजीविका संवर्धन हेतु प्रोत्साहन विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में विकासखंड खटीमा के ग्राम गुरुखेड़ा की



महिलाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. सुभाष चंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन) के माध्यम से ग्रामीण और जनजातीय महिलाओं की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने महिलाओं को पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर कृषि आधारित उद्यमों को अपनाने और स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। संचार निदेशक डॉ. जेपी जायसवाल ने तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ बेहतर संचार कौशल की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को सलाह दी कि वे यहां से प्राप्त ज्ञान को अपने समुदाय की अन्य महिलाओं के साथ साझा करें और समूह आधारित कार्यों के माध्यम से अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करें।योजना की प्रधान अन्वेषक डॉ. अर्पिता शर्मा कांडपाल के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को व्यावहारिक कौशल प्रदान करना था। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा नर्सरी प्रबंधन, पौधारोपण, जैविक खेती, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा फसल कटाई के उपरांत प्रबंधन जैसे विषयों पर सैद्धांतिक जानकारी के साथ-साथ व्यावहारिक प्रदर्शन भी किए गए।समापन अवसर पर प्रतिभागी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से न केवल उन्हें नई तकनीकों की जानकारी मिली है, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई है। यह कार्यक्रम जनजातीय महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में विश्वविद्यालय की एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# नीलकंठ हॉस्पिटल में थोरैसिक सर्जरी और लंग ट्रांसप्लांट ओपीडी सेवा शुरु

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली ने नीलकंठ हॉस्पिटल में अपनी विशेष थोरैसिक सर्जरी और लंग ट्रांसप्लांट ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इस ओपीडी सेवा का शुभारंभ, बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के थोरैसिक सर्जरी एवं लंग ट्रांसप्लांटेशन विभाग के सीनियर डायरेक्टरद्द डॉ. प्रमोज जिंदल और नीलकंठ हॉस्पिटल, के डायरेक्टर डॉ.




गौरव सिंघल, की उपस्थिति में किया गया।डॉ. प्रमोज जिंदल, हर महीने के तीसरे गुरुवार को दोपहर 1:00 बजे से 3:00 बजे तक नीलकंठ हॉस्पिटल में मरीजों के प्राथमिक परामर्श और फॉलो-अप के लिए उपलब्ध रहेंगे।डॉ. प्रमोज जिंदल, ने कहा फेफड़ों और छाती से जुड़ी कॉम्प्लेक्स बीमारियों के इलाज में पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगति हुई है। रोबोटिक तकनीक और वीडियो-असिस्टेड थोराकोस्कोपिक सर्जरी तेजी से विकसित हुई हैं और अब बड़े पैमाने पर अपनाई जा रही हैं। इन एडवांस तकनीकों के कारण ऑपरेशन के दौरान और उसके बाद के परिणाम पारंपरिक ओपन सर्जरी की तुलना में बेहतर साबित हुए हैं। डॉ. गौरव सिंघल ने कहा हम बीएलके मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के साथ इस साझेदारी को लेकर बेहद प्रसन्न हैं। इस पहल से हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को एडवांस थोरैसिक सर्जरी और लंग ट्रांसप्लांट सेवाएं अपने शहर के पास ही उपलब्ध होंगी, जिससे उन्हें बेहतर और समय पर इलाज मिल सकेगा। अस्पताल पहले से ही अपनी अत्याधुनिक तकनीक और बेहतरीन मेडिकल एवं सर्जिकल एक्सपर्टीज के साथ एक प्रमुख टर्शियरी केयर सेंटर के रूप में स्थापित हो चुका है।

# रैली की तैयारियों को लेकर भाजयुमो ने कसी कमर

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा जिला कार्यालय में धामी सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 21 मार्च को हल्द्वानी में प्रस्तावित केंद्रीय रक्षा मंत्री



राजनाथ सिंह की भव्य जनसभा को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री दीपेन्द्र कोश्यारी एवं जिलाध्यक्ष विपिन सिंह गहलौत के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जनसभा को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देते हुए सभी कार्यकर्ताओं से अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण और उत्साह के साथ करने का आह्वान किया।युवा मोर्चा नेताओं ने कहा कि कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ जनसभा की तैयारियों में जुटे हुए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह जनसभा प्रदेश में विकास, सुशासन और जनसेवा के चार वर्षों की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगी। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने जनसभा के प्रचार प्रसार और भीड़ जुटाने के लिए अलग अलग जिम्मेदारियां भी तय कीं। इस अवसर पर रचित सिंह, शिवम खुराना, मनीष गोस्वामी, रोहित गुप्ता, विक्की राघव, पारस, उमेश, आदेश, रोहित, नितिन, अभिषेक, दीपक, अंकित सहित युवा मोर्चा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तकमील-ए-कुरआन पर इमाम को दिया स्कूटी का तोहफा

सितारगंज।नगर के वार्ड एक हुसैनी मस्जिद (दादी मां कॉलोनी) में तकमील-ए-कुरआन के मुबारक और रूहानी मौके पर एक अत्यंत सराहनीय, प्रेरणादायक और यादगार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पवित्र अवसर पर पूरे क्षेत्र में खुशी, उत्साह और दीनदारी का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में बस्ती के लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की और कुरआन पाक की तकमील की इस खुशी में शामिल होकर अपनी अकीदत का इजहार कर मस्जिद के इमाम सैयद महबूब अली को इलेक्ट्रिक स्कूटी का तोहफा पेश किया। हुसैनी मस्जिद के अध्यक्ष एडवोकेट मुशीर अहमद लारी ने बस्ती के जिम्मेदार और जागरूक लोगों के सहयोग से यह सम्मान मौलाना साहब की दीन-ए-इस्लाम की



खिदमत, बच्चों और नौजवानों को कुरआन की तालीम देने की लगन और समाज में उनकी अहम भूमिका की कद्र के तौर पर दिया गया। इस अवसर पर कुरआन पाक सुनाने वाले और सुनने वाले दोनों हाफिजों को भी बेहतरीन इनामात और खास नजराना पेश किया गया। इस कदम से न सिर्फ उनकी हौसला-अफजाई हुई बल्कि दीन की तालीम की अहमियत भी और ज्यादा उजागर हुई।कार्यक्रम में मौजूद उलेमा-ए-किराम और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस पहल को बेहद सराहनीय करार दिया। कहा कि इस तरह के काम समाज में एक नई सोच को जन्म देते हैं। उन्होंने कहा कि जब लोग अपने इमामों और दीन के खिदमतगारों की इज्जत करते हैं, तो इससे नई नस्ल में भी दीन से मोहब्बत पैदा होती है और समाज में अच्छाई, भाईचारा और एकता मजबूत होती है।इस अवसर पर वक्ताओं ने यह भी कहा कि आज के दौर में जहां लोग दुनियावी कामों में मशगूल होते जा रहे हैं, वहां इस तरह की पहल यह पैगाम देती है कि दीन की खिदमत करने वालों की कद्र करना हमारी जिम्मेदारी है। यह कदम न सिर्फ एक शख्स की इज्जत है बल्कि पूरे दीन और उसकी तालीम की अहमियत को भी उजागर करता है।

# भाजपा कालाढूँगी विधानसभा की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी, कालाढूँगी विधानसभा की संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों से धामी सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आगामी 21 मार्च को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की हल्द्वानी में होने जा रही विशाल जनसभा को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका एवं आगामी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।बैठक में कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, महापौर गजराज सिंह बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, दर्जन राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, दीपक मेहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दीपा दर्मवाल सहित सभी मंडल अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# मेरी मईया ने कैसी सौगात दे दी, जागरण के लिए सारी रात दे दी

## चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन माता की चौकी में भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु, भजनों पर झूमे भक्त





रुद्रपुर। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर श्री नीलकंठ धाम मंदिर के तत्वाधान में गंगापुर रोड स्थित नंद विहार कॉलोनी के बाबा राम थम्मन मंदिर में भव्य माता की चौकी एवं दरबार का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर महामाई और बाबा का गुणगान किया तथा भक्ति में सराबोर होकर देर रात तक भजनों पर झूमते रहे।कार्यक्रम की शुरुआत प्रथम नवरात्र के अवसर पर नंद विहार निवासी महेंद्र छाबड़ा परिवार द्वारा ज्योत प्रज्वलित कर की गई। इसके उपरांत श्री गणेश वंदना, श्रीराम स्तुति, हनुमान चालीसा तथा श्री बालाजी महाराज, भैरवनाथ और प्रेतराज की आरती के साथ दरबार का शुभारंभ हुआ। भजन संध्या के दौरान माता रानी, भोलेनाथ और बालाजी महाराज के मध ुर भजनों ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। विनीत अरोड़ा ने हे दुख भंजन मारुति नंदन व इक तू सच्ची सरकार माँ झंडेया वाली जैसे भजन प्रस्तुत किए। सुमित वार्ष्णेय ने जागरण के लिए सारी रात दे दी, वंशिका मनोचा ने काली मेरी माँ पटियाले विच रहंदी आ और गुड्डू लहरी ने छम्म-छम्म नाचे देखो वीर हनुमाना जैसे भजनों से समां बांधा। वहीं पवन खनिजों ने बम भोले बम व ध नमः शिवाय की प्रस्तुति देकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।दरबार के दौरान महंत विकास शर्मा पर भोले बाबा, माता रानी और बालाजी महाराज की कृपा प्रकट होने पर श्रद्धालुओं ने उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।इस अवसर पर महेंद्र छाबड़ा, जगदीश बठला, विनीत जैन,विवेक दीप सिंह, सचिन खुराना, करुण गुप्ता, पम्मी सुखीजा, शिवांश सुखीजा, पारस चुघ, चिराग कालरा, सुरेंद्र शर्मा,हरवेश मनोचा, संदीप मनोचा, ललित नारंग, दीपक शर्मा, राजीव मनोचा, पवन खनिजों, पवन रंगीला, मोहित अरोड़ा, विजय तोमर, अनुज पाठक, रोहित मदान, मुकेश शर्मा, अमन खुराना, राघव बठला, गौरव खुराना, सोनू, संदीप वाल्मीकि, मुकेश भटनागर, काशीराम, रविंद्र वार्ष्णेय, मीना वार्ष्णेय, यशी वार्ष्णेय, सीमा नारंग, संगीता बठला, सिमरन बठला, कंचन नारंग, वृंदा चुघ, पूनम मदान, नीलू खुराना, गीता शर्मा, भूमिका शर्मा, सुमन मनोचा, अनीता मनोचा, विमला, रेशू सक्सेना, श्वेता, नेहा अरोड़ा, प्रिया मनोचा, मोना खुराना, राजेंद्र कौर, इंद्रजीत कौर, मुस्कान खनिजों, सीमा रानी, रामबेटी, चिका शर्मा सहित सैकड़ों भक्त महिलाएं उपस्थित रहीं।

## रक्षा मंत्री की जनसभा ऐतिहासिक बनाने को लेकर चर्चा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी संभाग कार्यालय में गुरुवार को हल्द्वानी विधानसभा की संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 21 मार्च को उत्तराखंड सरकार के कार्यकाल के सफल 4 साल बेमिसाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली विशाल जनसभा की तैयारियों को अंतिम रूप देना रहा। घ्इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल ने बताया कि आगामी 21 तारीख को देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हल्द्वानी के एम.बी. इंटर कॉलेज मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। बैठक के दौरान इस कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने हेतु विस्तार से कार्ययोजना तैयार की गई और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।घ्बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने की। इस दौरान विधानसभा संयोजक डॉ. जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला और महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक में प्रदेश व जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिनमें मुख्य रूप से प्रदीप बिष्ट, प्रदीप जनौटी, मधुकर क्षोत्रिय, नीरज बिष्ट, प्रताप रैकवाल, प्रतिभा जोशी, आशीष मल्होत्रा, घ्पंकज अधि कारी, बोबी आर्य आदि शामिल थे। बैठक के अंत में जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने आह्वान किया कि सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के स्वागत के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ जुट जाए।




## रोजा इफ्तार में दिया एकता और भाईचारे का दिया संदेश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुहैल अहमद सिद्दीकी द्वारा आयोजित रोजा इफ्तार कार्यक्रम में सामाजिक सौहार्द, भाईचारे एवं एकता का सशक्त संदेश दिया गया।कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य एवं विधायक सुमित हृदयेश विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने रोजेदार साथियों के साथ इफ्तार कर आपसी सद्भाव, एकता एवं भाईचारे का संदेश साझा किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और आपसी भाईचारे को सशक्त बनाते हैं। वर्तमान समय में एकता और सद्भाव की भावना को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि रमजान का पावन महीना हमें संयम, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। रोजा इफ्तार जैसे आयोजन समाज में प्रेम, सौहार्द और पारस्परिक सम्मान को सुदृढ़ करते हैं। हल्द्वानी की गंगा जमुनी तहजीब हमारी पहचान है, जिसे हमें मिलकर बनाए रखना है। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल, पूर्व महानगर अध्यक्ष हरीश मेहता, कौशलेंद्र भट्ट, इकबाल भारती, श्रीमती जया कर्नाटक, श्रीमती राधा आर्य सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। अंत में आयोजक सुहैल अहमद सिद्दीकी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए पवित्र रमजान माह की शुभकामनाएँ दीं।






## बच्चे की शिकायत पर पुलिस की तत्पर कार्रवाई

गदरपुर। कोतवाली गदरपुर में उस समय एक भावुक मामला सामने आया, जब 12 वर्षीय बालक हनान रोता-बिलखता हुआ कोतवाली पहुंचा और अपनी आपबीती सुनाई। बच्चे ने कोतवाली निरीक्षक संजय पाठक को बताया कि उसकी सौतेली मां उसे अक्सर मारती-पीटती है। उसने अपनी बात रखते हुए यहां तक कहा कि यदि विश्वास न हो तो सीसीटीवी फुटेज और उसके भाई से भी पूछताछ की जा सकती है।मासूम बच्चे की हालत देखकर कोतवाली में मौजूद पुलिसकर्मी भी भावुक हो उठे। निरीक्षक संजय पाठक ने तत्काल मामले को गंभीरता से लेते हुए बच्चे के माता-पिता को कोतवाली बुलाया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अभिभावकों को सख्त हिदायत दी कि भविष्य में बच्चे के साथ किसी भी प्रकार की मारपीट या दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान उप निरीक्षक जितेंद्र मेहरा ने भी बच्चे के पिता, जो वार्ड नंबर 9 के निवासी एवं पेशे से ट्रांसपोर्टर हैं, को फटकार लगाई और बच्चों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने की सलाह दी। पुलिस अधिकारियों ने अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा और बेहतर परवरिश पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया तथा बच्चे को नियमित रूप से स्कूल भेजने के निर्देश दिए। पुलिस की इस संवेदनशील और तत्पर कार्रवाई से एक ओर जहां बच्चे को राहत मिली, वहीं यह संदेश भी गया कि गदरपुर पुलिस बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों को लेकर पूरी तरह सजग है।



## मंदिरों में श्रद्धालुओं ने की मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नवरात्र पर्व पर आज दूसरे दिवस सभी मंदिरों में मां ब्रह्मचारिणी की श्रद्धालुओं द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ वधि विधान से पूजा अर्चना की गई। उन्होंने मां को नारियल, चुनरी, पान, सुपारी, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती, मेवा इत्यादि अर्पित किया। सभी मंदिर मां के जयघोषों से गुंजायमान होते रहे। इस मौके पर मंदिरों को रोशनी एवं फूलमालाओं से भव्य रूप से सजाया गया है। अनेंक मंदिरों में कई धार्मिक आयोजित किये जा रहे है। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, श्री शिव मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, श्री बृहस्पति देव मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चामुण्डा मंदिर, सहित ट्रांजिट कैम्प, सिडकुल चौकी परिसर, कोतवाली परिसर, सिडकुल चौक, आवास विकास, इन्द्रा कालोनी, सिंह कालोनी, रम्पुरा, भूतबंगला, पहाडगंज, बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, शक्ति विहार कालोनी, दरिया नगर, घास मंडी, ईश्वर कालोनी, संजय नगर, आदर्श कालोनी, अटरिया रोड़, किच्छा रोड़, काशीपुर रोड़, किच्छा बाईपास रोड़, काशीपुर बाईपास रोड़, जगतपुरा, दूधिया नगर, खेड़ा, शक्ति विहार, पीएसी परिसर, गंगापुर रोड़, निकटवर्ती ग्राम भूरारानी, डिबडिबा, दानपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, छतरपुर, मटकोटा, रामनगर, फुलसुंगा, फुलसुंगी, प्रीत विहार, फाजलपुर महरोला आदि क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में मां की पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों के बाहर पूजा सामग्री बेचने वालों के स्टाल लगे रहे।




## भक्तों ने किए मां ज्वाला जी की पावन ज्योत के दर्शन

रुद्रपुर। श्री लक्ष्मी नारायण पांच मंदिर में मां ज्वाला जी से लाई गई पावन ज्योत से श्रद्धालु पवित्र ज्योत प्रज्वलित कर अपने-अपने घरों और मंदिरों में स्थापित कर रहे हैं। नवरात्र के इस पावन अवसर पर क्षेत्र में भक्ति और आस्था का विशेष माहौल बना हुआ है। इसी क्रम में आदर्श कॉलोनी स्थित बालाजी द्वार के समीप श्री मनकामेश्वर मंदिर कमेटी द्वारा मां की पावन ज्योत को विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर भक्तों के दर्शनार्थ विराजमान किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के प्रधान पूरन चंद अरोड़ा, पंडित महेश चंद शर्मा, खैराती लाल गंगनेजा, राजकुमार सीकरी, पवन नारंग, संजीव नारंग, मनोज कक्कड़, शिव चावला सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।



# थारू समाज की संस्कृति और परम्पराएं उत्तराखंड का गौरव: धामी

## थारू होली महामहोत्सव को मुख्यमंत्री ने वर्चुअल किया संबोधित

खटीमा। विकास खण्ड खटीमा प्रांगण में ब्लॉक प्रमुख द्वारा आयोजित थारू होली महामहोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हर बार की तरह इस होली महा महोत्सव में इस उमंग, उल्लास और आत्मीयता जो आप सब में दिखाई दे रहीं है वह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि हमारे थारू समाज की सांस्कृतिक जड़ें कितनी गहरी है। उन्होंने कहा कि थारू समाज के रीति-रीवाज, लोक गीत, पारम्परिक नृत्य और प्रकति के प्रति गहरा जुड़ाव हमारी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है। हमारी थारू समाज की संस्कृति और परम्पराएं खटीमा ही नहीं बल्कि पुरे उत्तराखंड का गौरव है। उन्होंने कहा कि











विशेष रूप से थारू समाज के लोग जो होली मनाते है उसकी बात ही निराली है, ढोल धमाव की थाप, पारम्परिक वेश-भूषा, सामूहिक नृत्य और लोग गीतों के मधुर धुनों के बीच जब पूरा समाज होली के सतरंगो के बीच सराबोर होता है तो वह दृश्य देखने लायक होता है। और सबसे बड़ी बात यह है कि होली का यह आयोजन सिर्फ एक दिन का नहीं होता बल्कि कई दिनों तक चलता है। उन्होंने का इस सुंदर आयोजन मै व्यस्तता में नहीं पहुँच सका लेकिन मेरा मन वहीं है आप सबके साथ है। इस प्रकार के आयोजन थारू समाज की स्मृद्ध और सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखें हुए है। बल्कि नई पीढ़ी को भी प्राचीन परम्पराओं और मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहें है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेर्तत्व में जनजाति समाज के सर्वागींण विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि जनजाति समुदाय को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं से जोड़कर उनको सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जाये। उन्होंने कहा कि इस दिशा में कार्य करते हुए जहाँ एक ओर अटल आवास योजना में आय सीमा को व्यवहारिक किया है वहीं घर बनाने की लागत में भी बढ़ोत्तरी की है, ताकि अधिक से अधिक परिवारों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने ऊधम सिंह नगर में ही इस योजना के तहत लगभग 3 करोड़ रुपए से अधिक की साहयता प्रदान की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना में भी बड़ी संख्या में जनजाति परिवारों को लाभ मिला है। उन्होंने इस योजना के अंतर्गत घर पाने के लिए इस वर्ष कुल आवेदनों में 28 प्रतिशत आवेदन जनजाति समुदाय के होने पर खुशी व्यक्त की। इसके आलावा प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत जनपद ऊधम सिंह नगर में पहले चरण में 824 और दूसरे चरण में 101 घरों का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी हमारी सरकार जनजाति समाज को सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जनजाति कल्याण विभाग के माध्यम से आश्रम पद्धति विद्यालयों के छात्रावासों एवं आईटीआई संस्थानों के विकास के लिए भी करोड़ो रूपये कि धनराशि दी गई है। जिससे बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिल रहीं है। उन्होंने कहा कि इन आश्रम पद्धति विद्यालयों को कक्षा 12 तक अपग्रेड करने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही एकलव्य मॉडल आवसीय विद्यालयों के जरिये जनजाति बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बेहतर अवसर मिल रहें है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने खटीमा में बालिका छात्रावास के लिए 4 करोड़ रूपये स्वीकृत किये है, जबकि बाजपुर में 16 करोड़ रुपए के अधिक की लागत से स्कूल और छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है। गदरपुर में 100 बेड का बालक छात्रावास बन रहा है, थारू राजकीय इंटर कॉलेज में 2 करोड़ रूपये कि अधिक की लागत से खेल मैदान का सौंदर्यकरण व ऑडिटॉरियम का आधुनिकीकरण और भवन के मरम्मत का कार्य भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जनजाति समाज की माताओं और बहनो को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी पुरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहीं है। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से उन्हें रोजगार, प्रशिक्षण और आत्मनिर्भरता के अवसर प्रदान किये जा रहें है। वन धन कें‌न्द्रो के माध्यम से बनाए गए उत्पादों को बाजार से जोड़ा जिससे उन्हें आर्थिक रूप से लाभ हो सके। उन्होंने कहा कि हम जनजाति समाज कि महिलाओ को 1 करोड़ रुपए से अधिक की चक्रिय निधि और 8 करोड़ रुपए से अधिक की निवेश साहयता देकर उनके छोटे-छोटे रोजगारों को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहें है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सीमांत क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत वर्ष 2020 से 2025 तक 10 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न योजनाएँ सफलतापूर्वक पूरी की गई है। और हजारों परिवारों को पेयजल कनेक्शन, बिजली और गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने में भी सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि विधानसभा सितारगंज में थारू विकास भवन का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत जनजाति क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं के लिए 2 करोड़ रुपए से अधिक स्वीकृत किये गए है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनजाति समाज की बेटियों के विवाह के लिए 50 हजार रुपए कि आर्थिक साहयता भी प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि जनपद ऊधम सिंह नगर में इस योजना का लाभ मिला है। इसके अलावा प्रदेश के ऊधम सिंह नगर, देहरादून, पिथौरागढ़ और चमोली चार जनपदों में जनजाति क्षेत्रों के विकास को तेज करने के लिए अलग-अलग जनजाति कल्याण अधिकारियों की भी नियुक्ति की है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि हर जनजाति परिवार को सम्मान जनक जीवन मिलें, उनके बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिले, युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो और हर गांव विकास की मुख्य धारा से जुड़ सके। कार्यक्रम में आये होल्यारों थारू जनजाति के लोक गीत पर जमकर थिरके। कार्यक्रम में कलाकारों ने थारू जनजाति की संस्कृति की झलक बिखेरी जिसे खूब पसंद किया गया। बच्चों से लेकर बूढ़े तक लोक गीतों पर थिरकते नजर आये। जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के आयोजकों को कार्यक्रम के सफल आयोजन की बधाई दी। उन्होंने कार्यक्रम में आये सभी होल्यारों एवं आगंतुकों का स्वागत व अभिनन्दन किया। उन्होंने कहा कि थारू समाज कि यह संस्कृति हमने अपने बचपन में देखा था उसके बाद यह लुप्त जैसी हो गई थी जिसे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी ने अपने खटीमा के विधयाक के कार्यकाल में जीवंत करने का प्रयास किया। जिसे आज ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा व उनकी पुरी टीम ने एक बार फिर से जीवंत करने का सराहनीय कार्य किया है। इसके लिए कार्यक्रम से जुड़े आयोजनकर्ता, होल्यार, आगंतुक व प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों को बधाई व शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख भागीरथी राणा, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख गौरव सिंह नेगी, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा, अध्यक्ष राणा थारू परिषद खटीमा दान सिंह राणा, गोपाल सिंह राणा (चांदा वाले), अध्यक्ष बारहराणा स्मारक समिति रामकिशोर राणा, महामंत्री राणा थारू मंच समिति नवीन सिंह राणा, ओमप्रकाश सिंह राणा, सभासद दौलत सिंह राणा, मुखरजीत सिंह राणा, श्रीमती स्मिता राणा आदि उपस्थित थे।

# प्यारा सजा है तेरा दरबार भवानी...

## प्रथम नवरात्र श्री लक्ष्मी नारायण में सजा माता का भव्य दरबार

रूद्रपुर।चैत्र मास के पावन नवरात्र पर्व के प्रथम दिन श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में माता की चौकी का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक कलाकारों ने माता के भजन सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को माता की भक्ति में मग्न कर दिया। सारा मंदिर परिसर माता के जयघोषों व तालियों से गुंजायमान होता रहा। सर्व प्रथम जजमान रमेश ढ़ींगरा, तपस्या ढ़ीगरा, वर्षा ढ़ींगरा, अभिमन्यु ढ़ींगरा, आंचल ढ़ींगरा, चिराग ढ़ींगरा, तान्या ढींगरा, निवान ढ़ींगरा ने पंडित सालिग्राम जोशी व राजीव ठक्कर की अगुवाई में माता की विधि विधान से पूजा की। जिसके पश्चात माता की चौकी का शुभारम्भ किया गया। भजन गायक अमित अरोरा ने गुरू वन्दना,



गणेश वन्दना, देवी देवताओं का आव्हान व फूलों की वर्षा के भजन सुनाये। जिसके बाद अमन सांवरिया ने लाल चुनरिया लाल लाल चूड़ियां आया चैत दा महीना, मैया दे द्वारे चलिए, प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, जिसदी मां ने बांह फड़ लई उसदी गुड्डी चढ़ी चढ़ी, सज धज के बैठी मां मन्द मन्द मुस्काये, मेरी मैया नूं नजर न लग जाये, मां मैनूं तेरी याद सतांदी ए, मां मैं दिल दी गल दस नहीं सकदा, तूं कितनी अच्छी है तूं कितनी भोली है प्यारी प्यारी है ओ मां ओ मां, जिनां ने मां ते डोरां सटियां उनां ने मौजां लुटियां, मेला मैया दा आंवदा है हर साल, आदि भजन सुनाये। जिन्हें सुनकर सभी श्रद्धालु तालियां बजाते हुए मां की भक्ति में मग्न होकर नाचते रहे। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान महेश बब्बर, विजय जग्गा, अश्वनी बजाज, रोहित गोयल, गौरव बेहड़, अमित अरोरा, मनोज मुंजाल, राकेश सुखीजा, राकेश राजदेव, विजय विरमानी, पवन गाबा, बंटी चोपड़ा, राजेश छावड़ा, सचिन मुंजाल, सुरेन्द्र रज्जी, मोहन भुड्डी, प्रवेश साहनी, राजेन्द्र खनीजो, नरेश छावड़ा, साक्षी सुखीजा, किरन जग्गा, शशि अरोरा, सोनिया अरोरा, बीना बेहड़, पूर्वी बेहड़, सोनिया सुखीजा, आशा गाबा, मानूषी गाबा, मोहित बत्रा, साक्षी ग्रोवर, सुरेश जग्गा, रोहित जग्गा, गौरव जग्गा, जतिन सुखीजा, सुमित बब्बर, सचिन तनेजा, गौरव तनेजा, पंकज सुखीजा आदि थे।







# नॉनवेज बेचने पर दो नामी प्रतिष्ठानों के कटे चालान

रुद्रपुर। शहर में नवरात्र को मांस की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नगर निगम ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। गुरुवार को महापोर के निर्देश पर टीम ने ताबड़तोड़ छापेमारी की इस दौरान दो नमी गिरामी प्रतिष्ठान केएफसी ओर बर्गर किंग में नॉनवेज मिलने पर चालान की कार्रवाई की गई। बता दें चौत्र नवरात्र के पावन पर्व को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने शहर की आध्यात्मिक मर्यादा और स्वच्छता बनाए रखने के लिए 19 मार्च से 27 मार्च तक कच्चे ओर पके हुए मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध केवल मीट की दुकानों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उन सभी भोजनालयों और रेस्टोरेंट पर भी लागू है जहाँ



मांसाहारी व्यंजन तैयार किए जाते हैं। प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के लिए गुरुवार को महापौर विकास शर्मा के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने मीट बाजार सहित कई प्रतिष्ठानों रेस्टोरेंटों में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मेट्रोपोलिस मॉल स्थित केएफसी ओर बर्गर किंग प्रतिष्ठान में नॉनवेज पाया गया। जिस पर दोनों प्रतिष्ठानों के खिलाफ 5000-5000 चालान की कार्रवाई की गई। ओर सख्त हिदायत भी दी गई छापेमारी में मुख्य रूप से जसवीर सिंह, भूपेंद्र कुमार, विजय सहित नगर निगम के अन्य कर्मचारी व सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे। महापौर ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों पर मांस के प्रदर्शन और विक्रय से श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत न हों, इसके लिए नवरात्र पर नॉनवेज प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने कहा कि छापेमारी आगे भी जारी रहेगी। जरूरत पड़ी तो नॉनवेज बेचने वाले की दुकान सीज भी की जाएगी।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## तेल और गैस संयंत्रों पर हमले

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह चिंता गहरा रही है कि अगर इसका स्वरूप और बिगड़ता गया, तो आने वाले दिनों में संकट का दायरा ज्यादा व्यापक और गंभीर हो सकता है। सच यह है कि इजराइल और अमेरिका के ईरान पर साझा हमले के बाद अब युद्ध ने जो रुख अख्तियार कर लिया है, उसमें शांति की उम्मीद फिलहाल धुंधली लग रही है।हमले के क्रम में जिस तरह स्कूली बच्चों और आम लोगों तक की फिक्र नहीं की गई, उसे लेकर पहले ही अंतरराष्ट्रीय कानूनों के उल्लंघन के कई सवाल उठे हैं। अब हालात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हमलों का निशाना अब दोनों पक्षों के तेल और गैस के वे ठिकाने बन रहे हैं, जिसका वैश्विक स्तर पर गंभीर असर पड़ेगा।खासतौर पर युद्ध के आगे बढ़ने के साथ-साथ खाड़ी के कई देशों में हालात बेहद जटिल होते जा रहे हैं। गौरतलब है कि इजराइल ने बुधवार को ईरान में स्थित दुनिया के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस सुविधा केंद्र पर हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने गुरुवार को कतर के रास लाफान के ठिकाने को निशाना बनाया, जो वहां मुख्य तरल प्राकृतिक गैस को तैयार करने वाला मुख्य केंद्र है।ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच युद्ध की वजह से कच्चे तेल की आपूर्ति पहले ही कई स्तरों पर बाधित है और इसका स्वाभाविक असर इसकी कीमतों पर पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों के भीतर कच्चे तेल के दाम में तेज बढ़ोतरी और वैश्विक स्तर पर कमजोरी के रुख से शेयर बाजार में गुरुवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई।एक ओर, बीएसई सूचकांक में करीब 2500 अंक की बड़ी गिरावट हुई, वहीं एनएसई निफ्टी 775 अंक लुढ़क गया। जून, 2024 के बाद इसे सूचकांक में एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट बताया गया है। इस तरह की स्थिति को कई बार अन्य कारकों से भी जोड़ा जाता है, लेकिन इस बार वैश्विक स्तर पर तस्वीर लगभग साफ है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच अब ऊर्जा के बुनियादी ढांचों या तेल एवं गैस संयंत्रों पर हमलों में तेजी के बाद कच्चे तेल के दाम में काफी उछाल आया है। इसका एक स्वाभाविक असर निवेशकों की धारणा पर पड़ा है, जिनके भीतर मौजूदा उथल-पुथल को लेकर एक तरह का असुरक्षाबोध पैदा हुआ है। दरअसल, जब से ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को रोका है, उसके बाद दुनिया भर में तेल और गैस की आपूर्ति भी बाधित हुई है। भारत जैसे कई देश इससे बुरी तरह प्रभावित हुए हैं और तेल तथा गैस के लिए वैकल्पिक स्रोतों की ओर देख रहे हैं। इस क्रम में भारत ने रूस से तेल खरीद बढ़ाई है। मगर अब पश्चिम एशिया के युद्ध में शामिल दोनों पक्षों की ओर से जिस तरह प्राकृतिक गैस का उत्पादन करने वाले केंद्रों और ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया जा रहा है, उससे संकट और ज्यादा गहराने की आशंका खड़ी हो रही है। जैसे-जैसे हमलों का स्वरूप जटिल होता जा रहा है, तेल और गैस की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हो रही है। खासतौर पर कतर के रास लाफान पर हमले के बाद भारत को होने वाली प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित होने की आशंका है। जाहिर है, भारत को अब प्राकृतिक गैस की जरूरत के लिए आस्ट्रेलिया और रूस जैसे अन्य देशों की ओर देखना पड़ सकता है। मगर सबसे ज्यादा जरूरी यह है कि अब प्राकृतिक गैस के रणनीतिक भंडारण के विकल्प को ठोस आकार देना होगा।

# स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार और तकनीक का समावेश समय की मांग: राज्यपाल

## राज्यपाल ने हिमालयन हेल्थकेयर इनोवेशन समिट में किया प्रतिभाग

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को द्वितीय हिमालयन हेल्थकेयर इनोवेशन समिट-2026 में प्रतिभाग किया। सेतु आयोग, स्वास्थ्य विभाग और वेलॉक्स द्वारा राजपुर रोड़ स्थित एक होटल में आयोजित इस समिट में देशभर के हिमालयी राज्यों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।इस अवसर पर राज्यपाल ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नवाचार एवं तकनीक के समावेश को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि राज्य की प्राथमिक एवं निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर बल देते हुए कहा कि इन्हें सशक्त किए बिना समग्र स्वास्थ्य व्यवस्था को प्रभावी नहीं बनाया जा सकता। राज्यपाल ने कहा कि यह समय है जब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरणों एवं टेलीमेडिसिन जैसी तकनीकों से जोड़ा जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ हो सके। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीक का प्रभावी उपयोग कितना महत्वपूर्ण है। ऐसे में एआई, टेलीमेडिसिन और मोबाइल संचार साधनों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, त्वरित और प्रभावी बनाया जा सकता है।राज्यपाल ने स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके नियमित प्रशिक्षण, क्षमता संवर्धन एवं उन्हें नवीनतम तकनीकों और नवाचारों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित मानव संसाधन ही स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में दुर्घटनाओं की संवेदनशीलता को देखते हुए ट्रॉमा केयर एवं त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत किया जाना चाहिए, जिससे मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सके। राज्यपाल ने महिला स्वास्थ्य को प्राथमिकता बताते हुए कहा कि उत्तराखण्ड की नारी शक्ति राज्य की धुरी है, अतः उनके स्वास्थ्य, विशेषकर एनीमिया के उन्मूलन हेतु प्रभावी कदम उठाए जाने आवश्यक हैं। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के सुदृढ़ीकरण तथा नवजात शिशुओं की देखभाल हेतु सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया। इस अवसर पर सेतु आयोग के उपाध्यक्ष श्री राजशेखर जोशी, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनिता टम्टा, वेलॉक्स के को-फाउंडर मोहित शर्मा सहित विभिन्न प्रदेशों के प्रतिनिधि और स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




# सनातन परंपरा पर आधारित पंचांग कैलेंडर का विमोचन

देहरादून (उद संवाददाता)।हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर आज मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास पर सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित पंचांग कैलेंडर का विधिवत विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इसे राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को सहेजने एवं जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड अपनी सनातन परंपराओं, धार्मिक आस्थाओं और सांस्कृतिक मूल्यों के लिए देश-विदेश में विशिष्ट पहचान रखता है। यहां की परंपराएं केवल आस्था का विषय नहीं हैं, बल्कि यह हमारी जीवनशैली, सामाजिक संरचना और सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न अंग हैं। ऐसे में पंचांग कैलेंडर का प्रकाशन राज्य की इस गौरवशाली विरासत को संरक्षित करने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पंचांग कैलेंडर राज्यवासियों को न केवल तिथि, वार, पक्ष, मास, पर्व एवं विशेष दिवसों की सटीक जानकारी प्रदान करेगा, बल्कि पारंपरिक त्योहारों, व्रतों और धार्मिक आयोजनों की महत्ता से भी अवगत कराएगा। इससे लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं के साथ और अधिक गहराई से जुड़ने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि इस पंचांग में देवभूमि उत्तराखंड के प्रमुख धार्मिक एवं आस्था स्थलों को विशेष रूप से स्थान दिया गया है। ये स्थल न केवल श्रद्धा के केंद्र हैं, बल्कि राज्य की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत के प्रतीक भी हैं। इस प्रकार यह कैलेंडर एक जानकारीपरक दस्तावेज होने के साथ-साथ उत्तराखंड की सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत करने वाला प्रेरणादायक संकलन भी है।मुख्यमंत्री ने सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि यह पंचांग कैलेंडर राज्य के प्रत्येक नागरिक के लिए उपयोगी सिद्ध होगा और आने वाले समय में इसे और अधिक समृद्ध एवं व्यापक स्वरूप में प्रस्तुत किया जाएगा।इस अवसर पर सचिव श्री विनय शंकर पांडेय, महानिदेशक सूचना श्री बंशीधर तिवारी सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री ने एम्स पहुंचकर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज का जाना हाल

ऋषिकेश (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को एम्स ऋषिकेश पहुंचकर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती सतपाल महाराज के पास जाकर उनसे भेंट की और उनकी स्थिति के बारे में पूछा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद चिकित्सकों से सतपाल महाराज के स्वास्थ्य के संबंध में विस्तृत चर्चा की और उनके उपचार की प्रगति की जानकारी प्राप्त की।पुष्कर सिंह धामी ने सतपाल महाराज के शीघ्र पूर्णतः स्वस्थ होने और उनके बेहतर स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मुख्यमंत्री ने एम्स के अस्पताल प्रशासन और वरिष्ठ चिकित्सकों को निर्देशित किया कि कैबिनेट मंत्री के उपचार में किसी भी प्रकार की कमी न रखी जाए और उन्हें सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री के साथ इस दौरान कुछ अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे जिनसे उन्होंने अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं पर भी संक्षिप्त फीडबैक लिया।



# नीलकंठ और रामनगर में बनेगी मल्टीस्टोरी पार्किंग तथा पेयजल व सीवर परियोजनाओं के लिए बजट हुआ स्वीकृत

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में व्यय वित्त समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें प्रदेश के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान शहरी विकास विभाग, पेयजल विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के विभिन्न प्रस्तावों को गहन विचार विमर्श के बाद संस्तुति प्रदान की गई। मुख्य सचिव ने शहरी विकास विभाग के अंतर्गत पौड़ी गढ़वाल के नीलकंठ महादेव और नैनीताल के रामनगर में मल्टीस्टोरी पार्किंग निर्माण कार्य को मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन पार्किंग के निर्माण में निधरित गाइडलाइंस का अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। नीलकंठ महादेव में बनने वाली मल्टीस्टोरी पार्किंग की कुल लागत 5183.65 लाख रुपये है जबकि रामनगर नैनीताल की मल्टीस्टोरी पार्किंग पर 3857.64 लाख रुपये व्यय होंगे। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि इन पार्किंग स्थलों में वाहनों के प्रवेश और निकासी के लिए टर्निंग रेडियस सहित अन्य तकनीकी पहलुओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने नीलकंठ महादेव में पार्किंग स्थल की भूमि का भू-तकनीकी सर्वेक्षण कराने और भवन के बाहरी हिस्से के सौंदर्यीकरण पर भी जोर दिया।बैठक में पेयजल विभाग के कुल चार प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई जिनमें तीन महत्वपूर्ण पेयजल परियोजनाएं शामिल हैं। इसमें पीपलकोटी नगर पंचायत पेयजल योजना के लिए 2438.32 लाख, तिलवाड़ा नगर पंचायत पेयजल योजना हेतु 3986.24 लाख और ऊखीमठ नगर पंचायत पेयजल योजना के लिए 2578.52 लाख रुपये के बजट को स्वीकृति दी गई है। इसके अतिरिक्त लालकुआं नगर पंचायत में सीवर लाइन परियोजना के लिए 37.95 लाख रुपये के प्रस्ताव को संस्तुति दी गई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि गुरुत्वाकर्षण आधारित पेयजल परियोजनाओं में मीटर लगाए जाएं और सीवर लाइन के कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कर इसकी लगातार निगरानी की जाए।समिति द्वारा लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत काठगोदाम बाईपास मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग के साढ़े तीन किलोमीटर के हिस्से और इसमें 75 मीटर स्पान के सेतु निर्माण के लिए 1177.93 लाख रुपये की मंजूरी दी गई। बैठक के दौरान सचिव आर राजेश कुमार, पंकज कुमार पाण्डेय, दिलीप जावलकर और रणवीर सिंह चौहान सहित अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# उपभोक्ताओं के लिए गैस सिलेंडर और राशन कार्ड अपडेट करना बना जी का जंजाल

## आरटीई एडमिशन में प्रमाण पत्र अनिवार्य जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी ने जतायी नाराजगी

सितारगंज। गैस सिलेंडर की आपूर्ति और ऑनलाइन राशन कार्ड पोर्टल की तकनीकी खामी अब आम जनता के लिए जी का जंजाल बनती जा रही है। गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ता सुबह से ही बारिश में लाइन लगा रहे हैं। गौरतलब है कि विभाग द्वारा लंबे समय से उपभोक्ताओं को प्लास्टिक स्मार्ट कार्ड देने का दावा किया जा रहा था, लेकिन हकीकत यह है कि आज भी बड़ी संख्या में लोग इससे वंचित हैं। मजबूरी में लोग श्फोटोस्टेटश जैसी ऑनलाइन स्लिप से काम चला रहे हैं, जो कागज की होने के कारण अक्सर फट जाती हैं या गुम हो जाती हैं। वर्तमान में पोर्टल ठप होने से नई स्लिप निकालना भी नामुमकिन है। वही ईद और नवरात्र त्योहारों के मद्देनजर रसोई गैस की किल्लत बनी हुई। त्योहारों को देखते हुए सुबह से ही गैस एजेंसी के समीप महिलाएं पुरुष बुजुर्ग गैस सिलेंडर के लिए लंबी कतारें लगाए हुए हैं। शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में गरीब बच्चों के दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की सुस्ती और ऑनलाइन पोर्टल की तकनीकी खामी इन मासूमों के भविष्य की राह में रोड़ा बन गई है। आय प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन राशन कार्ड की अनिवार्य शर्त और पोर्टल ठप होने से अभिभावक तहसील के चक्कर काटने को मजबूर हैं। आरटीई के तहत बच्चों के एडमिशन के लिए आय प्रमाण पत्र सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज है। वर्तमान में प्रवेश प्रक्रिया जारी है, जिसकी समय सीमा बेहद सीमित है। अभिभावकों का आरोप है कि पूर्ति विभाग द्वारा लंबे समय से प्लास्टिक स्मार्ट कार्ड वितरित नहीं किए गए, जिससे वे आज भी पुरानी कागजी स्लिप के भरोसे हैं। जनसमस्याओं को लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। उन्होंने तहसीलदार हिमांशु जोशी से वार्ता कर विभागीय लापरवाही पर गहरी नाराजगी जताई। वहीं उन्होंने रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर व्यवस्था को सही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि त्योहारों के मद्देनजर नियमानुसार गैस वितरित की जाए, उपभोक्ताओं का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# युवक का आर्थिक तंगी से रुका ऑपरेशन, मदद की गुहार

## जिला पंचायत सदस्य शैलज चम्याल ने डीएम को लिखा पत्र

अल्मोड़ा। गरीब परिवार के एक युवक को अपने आपरेशन के लिए आर्थिक मदद की दरकार है। जिला पंचायत सदस्य शैलजा चम्याल ने डीएम को लिखे पत्र में परिजनों को उपचार हेतु आर्थिक मदद दिलवाने का आग्रह किया है। दरअसल चोट और फिर गलत इलाज या लापरवाही के चलते शरीर में चिपकी यूरिनरी ट्यूब ने युवक की स्थिति को ने युवक की स्थिति को अत्यंत नाजुक बना दिया है। अब ऑपरेशन ही एकमात्र रास्ता है, लेकिन गरीबी की दीवार इलाज के आड़े आ रही है।मामला तहसील व जिला अल्मोड़ा के ग्राम भौरगधेरा (ग्राम सभा हटौला) का है। यहाँ के निवासी स्वर्गीय राम सिंह के पुत्र हीरा सिंह कुछ माह पूर्व अपने घर की सीढ़ियों से गिर गए थे। इस हादसे में उनकी कमर के नीचे गहरी चोट आई। आनन-फानन में उन्हें हल्द्वानी के अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें पेशाब की नली (यूरिनरी ट्यूब) लगाई और कुछ दवाइयां देकर घर भेज दिया।दुर्भाग्यवश, हीरा सिंह की स्थिति में सुधार होने के बजाय वह और बिगड़ गई। लंबे समय तक नली लगे रहने के कारण वह अब शरीर के अंदरूनी हिस्सों से चिपक गई है। विशेषज्ञ डॉक्टरों का कहना है कि अब बिना बड़े ऑपरेशन के इसे ठीक करना संभव नहीं है।हीरा सिंह के परिवार की स्थिति पहले से ही अत्यंत दयनीय है। घर में वह अकेले कमाने वाले थे, लेकिन अब बिस्तर पर होने के कारण आय का कोई जरिया नहीं बचा है। परिवार में बुजुर्ग माता और छोटे बच्चे हैं, जिनके सामने अब दो जून की रोटी का संकट भी खड़ा हो गया है। ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने चंदा इकट्ठा कर प्राथमिक उपचार तो करा दिया, लेकिन ऑपरेशन के भारी-भरकम खर्च को उठा पाना परिवार के बस की बात नहीं है।युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य शैलजा चम्याल ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर मुख्यमंत्री राहत कोष या अन्य सरकारी योजनाओं से त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि परिवार के पास अब इलाज के लिए कोई संसाधन शेष नहीं है। पत्र के साथ बैंक विवरण भी साझा किए गए हैं ताकि सहायता सीधे पीड़ित तक पहुँच सके।यह मामला एक बार फिर उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की लाचारी को उजागर करता है। ऐसे समय में जब एक युवा जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है, समाज और प्रशासन की सक्रियता ही उसे नई जिंदगी दे सकती है। यदि आप इस पीड़ित परिवार की किसी भी रूप में सहायता करना चाहते हैं, तो पीड़ित के भाई से इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं: संपर्क नंबर: 9717662601।



# कन्याओं के लिए नि:शुल्क कंप्यूटर और इंग्लिश स्पीकिंग शिविर आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महिला साहू समाज जन कल्याण समिति द्वारा बालिकाओं के लिए कंप्यूटर और इंग्लिश स्पीकिंग का नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि साहू समाज के संरक्षक दशरथ प्रसाद ने मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 35 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। महिला साहू समाज अध्यक्ष श्रीमती शशि साहू ने कहा कि आज के समय में महिलाएं कंप्यूटर के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने साइबर क्राइम के बारे बताया। हमारी संस्था महिलाओं और बालिकाओं को इस प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान करके उन्हें आर्थिक मजबूती प्रदान करने का प्रयास कर रही है। इस मौके समिति की महामंत्री पूजा साहू ने पर्सनलिटी डेवलपमेंट तथा इंग्लिश की महत्ता समझाई। गणेश प्रसाद ने शिक्षा का अधिकार आर टी ई के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उप महामंत्री नीतू राठौर, मीडिया प्रभारी प्रियंका राठौर, सूचना मंत्री लक्ष्मी साहू, उपाध्यक्ष सीता साहू, सलोनी आदि सदस्य मौजूद रहे।वरिष्ठ साहू समाज जन कल्याण समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष बृजेश राठौर तथा मनोज साहू ने सभी बालिकाओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।




# हिंदू नव वर्ष पर सनातन धर्म मंदिर में हुई भजन संध्या

गदरपुर। हिंदू नव वर्ष के शुभ आगमन पर भारत विकास परिषद गदरपुर द्वारा सनातन धर्म मंदिर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हल्द्वानी की प्रसिद्ध भजन गायिका नीलम गंगोला ने अपने मधुर भजनों से समा बांध दिया और उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर झूमने पर मजबूर कर दिया।भजन संध्या के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से माता रानी के भजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद गदरपुर परिवार द्वारा माता रानी के समक्ष क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई तथा सभी को हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई।कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री रविंद्र बजाज, अध्यक्ष राजीव ग्रोवर, सचिव डॉ. सोनू विश्वास, कोषाध्यक्ष डॉ. विनीत अरोड़ा, महिला सहभागिता प्रमुख श्रीमती अंजू भूड्डी, ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर, सनातन धर्म मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी सहित राकेश भुड्डी, मनोज डाबर, अशोक भुड्डी, सोमनाथ छावड़ा, राजकुमार सिंध ी, पंकज बजाज, प्रमोद बजाज, विनोद चुग, दर्शन नेगी, शिवम त्रिपाठी, जीवन जोशी, जयकिशन अरोड़ा, राकेश कंबोज, शंताना विश्वास, सीमा अरोरा, ज्योति अरोरा, सरोज बजाज, हैप्पी सिंह समेत दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती के साथ हुआ, जहां सभी ने नव वर्ष को हर्षोल्लास के साथ मनाने का संकल्प लिया।



# पीआरडी संगठन की बैठक में समान कार्य के लिए समान वेतन की उठी मांग

बागेश्वर (उद संवाददाता)। विकास भवन में पीआरडी संगठन की जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। संगठन के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र भोटिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में पीआरडी जवानों ने अपनी लंबे समय से लंबित मांगों का समाधान न होने पर गहरा रोष व्यक्त किया। जवानों ने स्पष्ट रूप से मांग उठाई कि उन्हें समान कार्य के आधार पर समान वेतन दिया जाए और नई नियमावली के अंतर्गत राजकीय कर्मचारियों की भांति वेतन व भत्ते प्रदान किए जाएं। इसके साथ ही जिले के तीनों विकासखंडों में ब्लॉक इकाई के गठन और जवानों को वर्ष भर नियमित ड्यूटी उपलब्ध कराने के मुद्दे को भी प्रमुखता से रखा गया।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि देहरादून में संगठन द्वारा दिए जा रहे धरना प्रदर्शन और वहां उठाई गई मांगों को जिला इकाई का पूर्ण समर्थन रहेगा। उपस्थित वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार द्वारा जल्द ही उनकी उचित मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई, तो भविष्य में सभी जवान एकजुट होकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बागेश्वर के ब्लॉक कमांडर रविंदर हरड़िया ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि तीनों विकास खंडों में संगठन का विस्तार कर उसे और अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए।इस दौरान जिला सचिव रंजना, उपाध्यक्ष नीमा बर्मा, सह सचिव मनीष कुमार और प्रवक्ता हरीश राम ने भी अपने विचार रखे। बैठक में सक्रिय सदस्य पंकज पाण्डे, नरेंद्र कुमार, मुन्नी भंडारी, पूनम गड़िया, पंकज पांडे, सुंदर लाल, दिवान राम, मन्जू, पुष्पा पंचपाल, सरोज, चंद्रा देवी, जसपाल और पनी राम सहित अनेक पीआरडी जवान उपस्थित थे।



# नवरात्रि पर दिनेशपुर में श्रद्धा के साथ प्रसाद सेवा का हुआ शुभारंभ

दिनेशपुर। नवरात्रि के पावन अवसर पर दिनेशपुर में आयोजित प्रसाद सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ आज बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस सेवा कार्य का शुभारंभ दिनेशपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष दुलाल चक्रवर्ती, महामंत्री देवेंदु राय, भाजपा युवा नेता नैनी बढ़ाई, मनोज गर्ग, प्रिया गर्ग, हरीश गोयल, ज्योति गोयल, प्रमोद गोयल, नीतू गोयल, रितेश अग्रवाल, छवि अग्रवाल, ललित गोयल, दिव्य अग्रवाल, शुभ अग्रवाल एवं विराज अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि "नर सेवा ही नारायण सेवा है" और यही भावना इस सेवा कार्यक्रम की मूल प्रेरणा है। उन्होंने बताया कि उनकी टीम लंबे समय से समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय है और आगे भी इसी समर्पण भाव के साथ कार्य करती रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्रवासियों का निरंतर मिल रहा सहयोग इस सेवा को और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बना रहा है, जिसके लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान दिनेशपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष दुलाल चक्रवर्ती ने कहा कि यह सेवा कार्य अत्यंत सराहनीय है तथा इस प्रकार के आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। इसी क्रम में प्रिया अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा के जिला मंत्री एडवोकेट प्रमोद मित्तल समाज हित में निरंतर प्रेरणादायक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सेवाएं न केवल जरूरतमंदों तक सहयोग पहुंचाती हैं, बल्कि समाज में सेवा, समर्पण और मानवीय मूल्यों को भी सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में ऐसे जनसेवा कार्य आगे भी निरंतर चलते रहेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान हनुमान, शिवलिंग एवं महाराजा अग्रसेन की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद भगवान को भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। यह सेवा कार्यक्रम न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को भी सुदृढ़ करने का माध्यम बन रहा है। प्रसाद सेवा में सर्व समाज के लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। महिलाएं, युवा एवं बुजुर्ग सभी वर्ग के लोग इसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं और सेवा के माध्यम से समाज में प्रेम, सद्भाव एवं सहयोग की भावना को आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रवासियों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने परिवार सहित उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करें और इस पुण्य कार्य में सहभागी बनें। यह सेवा कार्यक्रम निरंतर जारी रहेगा, जिसका उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सेवा और सहयोग की भावना को पहुंचाना है। इस सेवा कार्यक्रम का संचालन भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री एडवोकेट प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम में संस्कार भारती के अध्यक्ष कुशल अग्रवाल, जितेंद्र साहनी, ओम अग्रवाल, राजेश ग्रोवर, प्रमोद यादव, नितिन अग्रवाल, राजेश कामरा, मनीष मित्तल, सुधीर डागर, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष अशोक सिंह नेगी, रवि अग्रवाल, सुनील पचौरी, अमन अग्रवाल, करन चंडोक, अनुज अग्रवाल एवं अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।



'जय माता दी' 'जय बाबा की'
पावन नवरात्र के उपलक्ष्य में श्री बालाजी दरबार एवं
माता की चौकी
स्थान: जगदीश बाठला (वसुंधरा फेस 2 निकट एलायंस गेट नं० 2 रूद्रपुर) दिनांक: 20 मार्च 2026 दिन: शुक्रवार, रात्रि 8 बजे से
निवेदक:-विकास शर्मा एवं समस्त भक्तजन श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबल ट्रस्ट, रूद्रपुर एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार

# मां के भजनों पर खूब झूमे भक्तजन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नव युवक संघ के तत्वाधान में गुरूवार को हिमालय फार्म बरेली रोड़ में 33 वां विशाल भगवती चौकी व भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें गायक कलाकारों ने मां के भजन सुनाकर उपस्थित भक्तजनों को मां की भक्ति में मग्न कर दिया। इससे पूर्व पं. जमुना दत्त बहुगुणा द्वारा जजमान जगजीत सिंह व उनके परिवार से मां की विधिवत पूजा अर्चना कराई गई। कार्यक्रम में अतिथि गायक कलाकार कानपुर की शर्मा सिस्टर, मुरादाबाद की मनीषा रावत ने गणेश वन्दना व मां तथा केंची बाबा महाराज के भजनों को गाकर समां बांध दिया। उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नव युवक संघ के सोनू पुरी, रामनिवास गुप्ता, विजय बत्रा, राजेश पुरी आदि ने सहयोग किया। इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश, ललित जोशी, प्रताप बिष्ट, पूर्व मेयर जोगेन्द्र रौतेला आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# धामी मंत्रिमंडल का विस्तार, पांच मंत्रियों ने ली शपथ

## विधायक मदन कौशिक, खजान दास, भरत चौधरी, प्रदीप बत्रा और राम सिंह कैड़ा को राज्यपाल ने दिलाई मंत्री पद की शपथ

देहरादून।धामी सरकार ने अपने कार्यकाल के महत्वपूर्ण पड़ाव पर मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए पांच नए मंत्रियों को शामिल किया है। राजभवन में चर्चाओं पर विराम लगाते हुए संगठन और सरकार ने आपसी समन्वय के साथ इन नामों पर मुहर लगाई। शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत राजपुर विधायक खजान विधायक मदन कौशिक, रुड़की से विधायक प्रदीप बत्रा और भीमताल के विधायक राम सिंह कैड़ा ने भी मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। वर्तमान में धामी मंत्रिमंडल में और जनता के बीच उनकी छवि को आधार बनाकर किया गया है। मंत्रिमंडल के इस विस्तार में क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों के बीच सटीक संतुलन बनाने है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नए मंत्रियों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव और ऊर्जा से प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। गौरतलब है चुना गया। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित कई विधायक, शासन के आला



आयोजित एक भव्य गरिमामय समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। लंबे समय से चल रही मंत्रिमंडल विस्तार की दास के साथ हुई, जिन्हें सबसे पहले शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात रुद्रप्रयाग के विधायक भरत सिंह चौधरी ने संस्कृत भाषा में शपथ लेकर अपनी सांस्कृतिक निष्ठा का परिचय दिया। हरिद्वार से विधायक पांच पद रिक्त चल रहे थे, जिन्हें भरने के लिए पार्टी नेतृत्व ने काफी मंथन किया। बताया जा रहा है कि इन नए चेहरों का चयन विधायकों के पिछले चार वर्षों के कामकाज के रिकॉर्ड, उनकी सक्रियता का प्रयास किया गया है ताकि आगामी विकास कार्यों और राजनीतिक चुनौतियों का सामना मजबूती से किया जा सके। कुमाऊं और गढ़वाल दोनों मंडलों के प्रतिनिधित्व का विशेष ध्यान रखा गया कि इस विस्तार के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ कई दौर की वार्ताएं हो चुकी थीं। सरकार और संगठन के बीच व्यापक होमवर्क पूरा होने के बाद ही नवरात्र के पावन मुहूर्त को इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए अधिकारी और नवनियुक्त मंत्रियों के समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस विस्तार के साथ ही अब शासन स्तर पर जल्द ही इन नए मंत्रियों को विभागों का बंटवारा भी कर दिया जाएगा।

# दूषित कुट्टू का आटा खाने से कई लोगों की हालत बिगड़ी

रूद्रपुर। नवरात्र पर्व के मद्देनजर शासन प्रशासन द्वारा पिछले कई दिनों से व्यापारियों को खराब कुट्टू का आटा बिक्री करने से मना करने बावजूद नगर में खराब कुट्टू आटा की बिक्री पर प्रभावी ढ़ंग से रोक नहीं लग पाई है। इसका खामियाजा नगर के रम्पुरा व सुभाष कालोनी के दो परिवारों को भुगतना पड़ा। जिनके करीब एक दर्जन सदस्यों की खराब कुट्टू का आटा खाने से तबीयत तेजी से बिगड़ गई और उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराना पड़ा। इस घटना से प्रशासनिक व स्वास्थ्य अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। इधर चिकित्सकों ने 6 की हालत को गंभीर बताया है।जानकारी के अनुसार रम्पुरा व सुभाष



कालोनी निवासी परिवारों के लोगों ने प्रथम नवरात्र पर व्रत रखा था। सायं काल मौहल्ले की ही एक किराना दुकान से कुट्टू का आटा खरीद कर लाये और सभी ने इस आटे से बनी रोटियों खाई। बताया जाता है कि मध्य रात्रि रम्पुरा और सुभाष कालोनी निवासी 43 वर्षीय रेखा देवी, 20 वर्षीय सोनम, 40 वर्षीय सोमपाल, 10 वर्षीय दीप्ति, 12 वर्षीय किरन, 15 वर्षीय शिवम, 27 वर्षीय सौरभ, 25 वर्षीय कमलेश, 35 वर्षीय बेबी, 16 वर्षीय वर्षा व 35 वर्षीय रामवती की हालत तेजी से बिगड़ने लगी। उन्हें उल्टी होने लगी, चक्कर आने लगे और शरीर ठंडा पड़ने के साथ ही बेहोशी आने लगी। जिससे परिजनों में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में सभी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने रम्पुरा के 27 वर्षीय सौरभ राठोर, 58 वर्षीय कमलेश, 34 वर्षीय शारदा और सुभाष कालोनी निवासी 20 वर्षीय सोनम,16 वर्षीय वर्षा रस्तोगी और 37 वर्षीय रेखा रस्तोगी को गंभीर हालत देखते हुये भर्ती कर लिया गया। बल्कि बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। रोगियों द्वारा खाया गया कुट्टू के आटे का नमूना सुरक्षित रख लिया गया है। चिकित्सा विभाग के अपर निदेशक व वरिष्ठ चिकित्सक डा. एमके तिवारी ने बताया कि मामले की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।

# सड़क हादसे में काशीपुर के बाइक सवार की दर्दनाक मौत

किच्छा । पुलभट्टा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार पुलभट्टा क्षेत्र स्थित गौला पुल के पास से अपने गंतव्य की ओर जा रहा था, तभी अचानक एक अनियंत्रित और तीव्र गति से आ रहे वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक वाहन के नीचे बुरी तरह कुचल गया और मौके पर ही चीख पुकार मच गई।सूचना मिलते ही पुलभट्टा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और लहूलुहान हालत में बाइक सवार को स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, टक्कर के कारण युवक के शरीर के अंग क्षत विक्षत हो गए थे। मृतक की पहचान अमित कुमार पुत्र रामपाल सिंह, निवासी खड़कपुर देवपुरा, काशीपुर के रूप में हुई है। वह अपनी टीवीएस राइडर बाइक से जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से टक्कर मारकर फरारवाहन की तलाश की जा रही है।

# विधायक की फेसबुक आईडी का क्लोन बनाकर मांगे रुपये

खटीमा(उद संवाददाता)। नानकमत्ता से कांग्रेसी विधायक गोपाल सिंह राणा की फेसबुक आईडी का क्लोन बनाकर लोगों से रुपये मांगने का मामला सामने आया है। गुरुवार को आरोपियों ने फर्जी आईडी से कई लोगों को 'आईनीडसम हेल्प' के मैसेज भेजे।जब कुछ लोगों ने जवाब देकर सहायता की वजह पूछी, तो उन्हें अस्पताल में जरूरत बताकर पैसे भेजने के लिए कहा गया। मामले में संदेह होने पर लोगों ने विधायक को कॉल कर जानकारी ली, तब इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। विधायक राणा ने बताया कि वह उस समय दिल्ली से लौट रहे थे, तभी उन्हें परिचितों ने ऐसे मैसेज मिलने फेसबुक और व्हाट्सऐप हैक कर लोगों को भेजे मदद के संदेश की सूचना दी। रुद्रपुर पहुंचने पर उन्होंने तुरंत साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। जांच में सामने आया कि फेसबुक के साथ-साथ उनका व्हाट्सऐप अकाउंट भी हैक किया गया था, जिसे बाद में ठीक करा लिया गया। उन्होंने लोगों से अपील की है कि ऐसे किसी भी संदिग्ध मैसेज पर भरोसा न करें और बिना पुष्टि किए किसी को पैसे न भेजें। साथ ही उन्होंने 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर पर भी शिकायत दर्ज कराई है।

# तमंचे के साथ दो शातिर बदमाश दबोचे

रुद्रपुर /काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने बिंदुखेड़ा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी गांव में दहशत फैलाने और लोगों को डराने के उद्देश्य से हथियार लेकर घूम रहा था। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। जानकारी के अनुसार, उप निरीक्षक दीपक बहुगुणा पुलिस टीम के साथ भूरारानी और बिंदुखेड़ा क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि सुखदेव सिंह उर्फ फतेह पुत्र जीत सिंह, निवासी बिंदुखेड़ा, रायपुर की ओर जा रहा है और उसके पास नाजायज असलहा है। मुखबिर ने यह भी बताया कि उक्त युवक आए दिन गांव वालों को डराता-धमकाता रहता है और किसी संगीन घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिंदुखेड़ा-रायपुर रोड पर फ्लाईओवर के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही युवक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद टीम ने उसे पुलिया के पास दबोच लिया। तलाशी लेने पर अभियुक्त सुखदेव के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने यह तमंचा किसी अज्ञात व्यक्ति से 5000 रुपये में खरीदा था। उसने बताया कि कुछ समय पूर्व उसका गांव वालों से विवाद हुआ था, जिसके बाद वह टशन दिखाने और उन्हें डराने के लिए तमंचा अपने पास रखता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई के दौरान ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से वीडियोग्राफी भी की गई। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दीपक बहुगुणा के साथ कांस्टेबल विजय दरमाल और किशन सिंह शामिल रहे।

**काशीपुर**- मंडी चौकी प्रभारी अर्जुन सिंह कांस्टेबल त्रिलोक सिंह के साथ रोजाना की भांति गश्त पर थे इसी दौरान ढेला नदी की ओर जाने वाले मार्ग पर आम के बाग के समीप संदिग्ध हालत में खड़ा एक शख्स पुलिस को देख सकपका गया। पुलिस को शक होने पर उसने तत्परता दिखाते शख्स को दबोच लिया। तलाशी में उसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। सख्ती से पूछताछ करने पर पकड़ गए बदमाश ने अपना नाम मोहल्ला काली बस्ती हजरत नगर अल्ली खां निवासी शादिक पुत्र जाबिर बताया। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि वह कचरा बिनने का काम करता है। नशे की लत के कारण वह पहले भी जेल जा चुका है। पूछताछ के बाद बदमाश का पुलिस ने आर्म्स एक्ट के अंतर्गत चालान किया है।

# धामी नेतृत्व ने बदली उत्तराखंड की राजनीतिक धारा

## मंत्रिमंडल में नए चेहरों की प्रभावी एंट्री, धामी मॉडल ने तोड़ी सत्ता परिवर्तन की पुरानी परिपाटी

देहरादून। उत्तराखंड की राजनीति में वर्षों से एक अनकही परंपरा चली आ रही थी कार्यकाल का अंतिम वर्ष आते-आते, विशेषकर मार्च के आसपास, नेतृत्व परिवर्तन लगभग तय मान लिया जाता था। यह एक तरह से राजनीतिक अस्थिरता का प्रतीक बन चुकी थी। लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस स्थापित धारणा को न केवल चुनौती दी, बल्कि उसे निर्णायक रूप से ध्वस्त कर दिया। धामी के नेतृत्व में पहली बार भाजपा ने उत्तराखंड में मुख्यमंत्री को रिपीट कर स्थिरता का संदेश दिया था और अब पांचवें वर्ष में मंत्रिमंडल विस्तार कर यह स्पष्ट कर दिया गया है कि यह सरकार परंपरागत राजनीति से अलग, आत्मविश्वास और प्रदर्शन की राजनीति पर चल रही है। जहां विरोधी दल यह अनुमान लगा रहे थे कि इतिहास खुद को दोहराएगा और धामी को भी बदला जाएगा, वहीं धामी ने एक सधे हुए राजनीतिक कौशल के साथ पूरा परिदृश्य ही बदल दिया। महत्वपूर्ण मंत्रिमंडल विस्तार के साथ सरकार ने क्षेत्रीय और राजनीतिक संतुलन को भी साधने का प्रयास किया है। शपथ लेने वाले जनप्रतिनिधियों में भीमताल से विधायक राम सिंह कैड़ा, राजपुर रोड (देहरादून) से खजान दास, रुड़की से प्रदीप बत्रा, रुद्रप्रयाग से भरत सिंह चौधरी तथा हरिद्वार से मदन कौशिक शामिल हैं। इन नेताओं का अनुभव, क्षेत्रीय



प्रतिनिधित्व और संगठनात्मक पकड़ न केवल मंत्रिमंडल को और सशक्त बनाएगी, बल्कि धामी सरकार की विकासात्मक प्राथमिकताओं को भी नई गति प्रदान करेगी। यह मंत्रिमंडल विस्तार केवल एक प्रशासनिक कवायद नहीं, बल्कि एक सशक्त राजनीतिक संदेश है नेतृत्व में विश्वास, संगठन में संतुलन और भविष्य की स्पष्ट रणनीति। धामी ने यह दिखाया है कि वे परिस्थितियों के शिकार नहीं बल्कि उन्हें अपने पक्ष में मोड़ने वाले नेतृत्वकर्ता हैं। सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि धामी ने न केवल प्रदेश में अपनी पकड़ मजबूत की है बल्कि केंद्रीय नेतृत्व का भी पूर्ण विश्वास अर्जित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह और शीर्ष संगठन तक, जिस प्रकार धामी को निरंतर समर्थन मिला है, वह उनकी विश्वसनीयता और कार्यक्षमता का प्रमाण है। एक युवा मुख्यमंत्री के रूप में धामी ने जिस प्रकार निर्णायक फैसले लिए हैं, उसने उनकी छवि को 'अस्थायी विकल्प' से आगे बढ़ाकर 'स्थायी नेतृत्व' में परिवर्तित कर दिया है। आज उत्तराखंड की राजनीति में यदि कोई चेहरा स्थिरता, निर्णायकता और भविष्य की दिशा का प्रतीक बनकर उभरा है, तो वह पुष्कर सिंह धामी हैं। मंत्रिमंडल विस्तार के इस फैसले ने एक और संकेत साफ कर दिया है भाजपा अब उत्तराखंड में नेतृत्व को लेकर किसी प्रयोग के मूड में नहीं है। धामी केवल वर्तमान के मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि भविष्य की राजनीति के केंद्र बिंदु बन चुके हैं यही कारण है कि अब यह चर्चा केवल अटकल नहीं, बल्कि एक संभावित रणनीति के रूप में देखी जा रही है कि 2027 का विधानसभा चुनाव भी धामी के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा।